## एक नजर में

### गौ पूजन कर गौ रक्षा का लिया संकल्प

**मुलताई।** सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा नगर सहित 125 ग्रामो में मनाए जा रहे साप्ताहिक मां ताप्ती जन्मोत्सव के अंतर्गत गुरूवार को नगर के कामधेनु चौक एवं मेघनाथ मोहल्ला सहित 125 ग्रामो में गौ माता की पूजा कर आरती उतारी इस दौरान ग्रामो में ब?ी संख्या में श्रद्धालू उपस्थित रहे। वहीं नगर में मेघनाथ चौक दुर्गा मंदिर परिसर में गौ माता की पूजा कर आरती उतारी तथा उपस्थित लोगो द्वारा गौमाता की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान सूर्यपुत्री मां ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास के हेमंत शर्मा, डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर, रितेश विश्वकर्मा सहित सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित रही।

### शासकीय आईटीआई में कैम्पस ड्राइव 22 को

**बैतूल।** शासकीय आईटीआई में एक दिवसीय कैम्पस ड्राइव 22 जुलाई, बुधवार को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य शुभम वानखेड़े ने बताया कि पी एंड जी मंडीदीप कंपनी अप्रेन्टिसशीप पद हेतु चयनित करेगी। टर्नर, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, एमएमवी, मैकेनिक, वेल्डर आईटीआई के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। आयु सीमा 24 वर्ष तक के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर सुबह 10 बजे आईटीआई में उपस्थित हो सकते हैं।

### नशे के दुष्प्रभावों से कराया अवगत

**बैतूल।** युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने और नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से गुरुवार को श्री अग्रसेन महाराज विद्यालय, गंज बैतूल में जीआरपी द्वारा देशव्यापी नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए स्वस्थ, अनुशासित और नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यशाला में जीआरपी के अधिकारियों एवं जवानों ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अधिकारियों ने कहा कि नशा मुक्त युवा ही सशक्त भारत की पहचान है और देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं का नशे से दूर रहना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर, प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार ने जीआरपी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ ही युवाओं को सही दिशा देने में अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक हैं।

### बैठक में पारिवारिक पेंशन की दी जानकारी

**बैतूल।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश की तहसील शाखा घोड़ाडोंगरी की मासिक बैठक 12 जुलाई को बीआरसी भवन में जिला अध्यक्ष सुन्दरलाल कड़वे के नेतृत्व तथा तहसील अध्यक्ष अनिल भार्गव के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्स के हितों, लंबित मांगों, प्रस्तावित लाभों, संगठन विस्तार और आगामी आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही नवसेवानिवृत्त पेंशनर्स का सम्मान कर उन्हें संगठन से जुड़े रहने का आह्वान किया गया।

## पुलिस और प्रशासन से मांगा जवाब, ध्वनि प्रदुषण मामले पर हाई कोर्ट सख्त

# संविधान चौक पर बिना अनुमति आयोजन पर FIR

**नागपुर.** सिविल लाइन्स में बिना वैध मंजूरी के संचालित हो रहे तमाम लान्स तथा लान्स पर होनेवाले कार्यक्रमों के दौरान ध्वनि प्रदुषण को लेकर जहां हाई कोर्ट की ओर से स्वयं संज्ञान लिया गया, वहीं अलग-अलग याचिकाएं भी दायर की गई. याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान गत समय हाई कोर्ट द्वारा दिए गए आदेशों के अनुसार लान्स के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है. वहीं अब 13 अप्रैल की मध्यरात्रि को संविधान चौक पर हुए आयोजन को लेकर भी न्यायाधीश उर्मिला जोशी फालके और न्यायाधीश निवेदिता मेहता ने स्वयं संज्ञान लेते हुए सख्त रूख अपनाया है. इस संदर्भ में हाई कोर्ट ने पुलिस और प्रशासन से जवाब दायर करने को कहा है. कोर्ट ने शहर में ध्वनि प्रदूषण, पटाखों के बेतहाशा उपयोग और %प्रदूषण मुक्त नागपुर% शिकायत पोर्टल के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी भी जताई.



**डीसीपी जोन-2 का हाई कोर्ट में हलफनामा**

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील ने अदालत में डीसीपी (जोन 2) का हलफनामा पेश किया. हलफनामे के अनुसार, संविधान चौक पर एक कार्यक्रम के लिए 5 आयोजकों ने अनुमति मांगी थी, जिनमें से पुलिस ने केवल 4 को अनुमति दी थी. जिस 5वें आयोजक की अनुमति खारिज कर दी गई थी, उसने नियमों को ताक पर रखकर कार्यक्रम का आयोजन किया. अदालत को बताया गया कि पुलिस ने इस उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए भारतीय न्याय संहिता (ब्नेस), 2023 की धारा 168 के तहत नोटिस जारी किया है और एफआईआर भी दर्ज की है.

**ध्वनि प्रदूषण और पटाखों की जानकारी न होने पर कोर्ट असंतुष्ट**

अदालत ने पुलिस के हलफनामे का अवलोकन करने के बाद स्पष्ट किया कि इसमें ध्वनि प्रदूषण के नियमों के उल्लंघन और पटाखों के इस्तेमाल के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी गई है. कोर्ट के सवालों के बाद सरकारी वकील ने ध्वनि प्रदूषण नियमों के उल्लंघन की स्थिति स्पष्ट करने के लिए एक अतिरिक्त हलफनामा दायर करने की मोहलत मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया.

### 120 दिन बीते, अधर में प्रदूषण मुक्त नागपुर पोर्टल का काम

मामले में न्यायमित्र अब्दुल सुभान ने अदालत का ध्यान जिलाधिकारी के 4 अप्रैल 2026 के उस हलफनामे की ओर दिलाया, जिसमें दावा किया गया था कि 120 दिनों के भीतर प्रदूषण मुक्त नागपुर के तहत नागरिकों के लिए एक ऑनलाइन शिकायत और निगरानी पोर्टल विकसित कर ली जाएगी. यह प्रणाली महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एमपीसीबी), महानगर पालिका, प्रन्यास और पुलिस आयुक्त कार्यालय के बीच बेहतर तालमेल के लिए बनाई जानी थी. अदालत ने इस पोर्टल के संबंध में अब तक कोई प्रगति रिपोर्ट पेश न किए जाने पर कड़ा संज्ञान लिया और सरकारी वकील को निर्देश प्राप्त कर जल्द प्रोग्रेस रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है.

### हालिया ध्वनि प्रदूषण के वीडियो सबूत सौंपेंगे न्यायमित्र

न्यायमित्र ने अदालत को सूचित किया कि पिछले 2-3 दिनों के भीतर ही शहर में ध्वनि प्रदूषण नियमों का भारी उल्लंघन दर्ज किया गया है. उन्होंने अदालत और पुलिस आयुक्त के समक्ष इसके वीडियो क्लिप पेश करने की बात कही है. अदालत ने उम्मीद जताई है कि पुलिस आयुक्त इन सबूतों का संज्ञान लेते हुए उचित और सख्त कार्रवाई करेंगे. केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे वकील ने अदालत को बताया कि 9 अप्रैल 2026 के आदेश के अनुपालन में भारत सरकार द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रमशुरू कर दिया गया है. दूसरी ओर अदालत ने संविधान चौक मामले से जुड़े आयोजकों (लुबेश मेश्राम, राकेश मोटघरे, राहुल मनोज नागदेवे, धम्मदीप लोखंडे और शैलेश वासनिक) को पुलिस आयुक्त के नोटिस का जवाब देने या अपना हलफनामा पेश करने के लिए अंतिम अवसर के रूप में एक सप्ताह का समय दिया है.

## प्राचार्य को ही कक्ष में जाने से रोका, आंबेडकर कालेज के सुरक्षा सूपरवाइजर पर मामला दर्ज

**नागपुर.** दीक्षाभूमी परिसर में स्थित डा. बाबासाहब आंबेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य को ही अपने कार्यालय से रोक दिया गया. इस प्रकरण में बजाजनगर पुलिस ने सुरक्षा सूपरवाइजर के खिलाफ मामला दर्ज किया है. आरोपी गोपालनगर निवासी सिध्दार्थ म्हैसकर (50) बताया गया. कालेज की प्राचार्य दीनदयालनगर निवासी भुवेश्वरी अशोक मेहरे (59) की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया. जानकारी के अनुसार भुवेश्वरी 1989 से आंबेडकर कालेज में कार्यरत है. इस बीच 5 वर्ष के लिए उनकी प्राचार्या पद पर नियुक्ति की गई. लेकिन भंते सुरेई संसाई ने बिना किसी कारण के उन्हें जीव रसायनशास्त्र विभाग में भेज दिया. भुवेश्वरी की जगह पर अन्य एक प्राध्यापक को प्राचार्य नियुक्त करदिया गया. जून 2026 में फिर समिति बदल गई. समिति ने एक मत से दोबारा भुवेश्वरी को प्राचार्या नियुक्त किया. 7 जुलाई को समिति के आदेश पर उन्होंने अपना कामकाज भी शुरु कर दिया. कार्यालयीन दस्तावेज सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने अपने कार्यालय में ताला लगाना शुरु कर दिया. 10 जुलाई की सुबह 9 बजे के दौरान वें अपने कार्यालय के सामने पहुंची. वहां म्हैसकर 3 महिला और 2 पुरुष गार्ड के साथ मौजूद था. सभी ने भुवेश्वरी को कार्यालय में जाने से रोका. कारण पूछने पर म्हैसकर ने बताया कि उसे ऊपर से आदेश मिले हैं. इसके बाद भुवेश्वरी ने बजाजनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की है.

### स्कूलों में 'प्रशस्त एप 2.0', सितंबर तक स्क्रीनिंग

**नागपुर, महानगर संवाददाता.** महाराष्ट्र प्राथमिक शिक्षा परिषद ने सभी नगर निगम और जिला परिषद स्कूलों में 'प्रशस्त एप 2.0' के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए हैं. परिषद ने जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और नगर निगम आयुक्तों को निर्देश दिया है कि सितंबर के पहले सप्ताह तक प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों की इस एप के माध्यम से स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए. इस संबंध में जारी परिपत्र के अनुसार 'प्रशस्त एप 2.0' विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की प्रारंभिक पहचान के लिए विकसित किया गया है. इसे अब यू-डायस प्लस प्रणाली से जोड़ा गया है, जिससे स्कूल, विद्यार्थी, शिक्षक, प्रधानाध्यापक और विशेष शिक्षकों की जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी तथा स्क्रीनिंग प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी संभव होगी.

## विज्ञान महाविद्यालय में पी.जी. प्रथम सेमेस्टर छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम सम्पन्न

**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना,16 जुलाई ,** नगर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस. खान के संरक्षण में भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा संचालित क्वांटम सोसाइटी के तत्वावधान में विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एस. बिसेन के मार्गदर्शन में पी.जी. प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर भौतिक शास्त्र विभाग के डॉ. विवेक कुमार सोनवाने ने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इस वर्ष से पी.जी. पाठ्यक्रमों में किए गए परिवर्तनों, आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन प्रणाली, महाविद्यालय एवं विभाग में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, विभाग के पूर्व विद्यार्थियों की उपलब्धियों तथा विभिन्न संस्थानों में उनकी सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों का वीडियो प्रस्तुतीकरण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एस. खान, विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एस. बिसेन तथा वरिष्ठ प्राध्यापिका एवं आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. ललिता धुर्वे ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विभाग के डॉ. अनिल कुमार पिम्पलकर, डॉ. ए. मंसूरी, राकेश चटप सहित पी.जी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री सादिया मंसूरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सुश्री अंजलि पराठकर ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पी.जी. अंतिम वर्ष के विद्यार्थी आदित्य सहारे एवं मोहन महाले का विशेष योगदान रहा।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

आमला। ग्राम लालढाना में दो माह पहले विवाह बंधन में बंधी नवविवाहिता कुंती पवार का शव शुक्रवार शाम करीब 7 बजे घर के पीछे स्थित कुएं में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका के पिता संतोष कालभोर ने पति अजय पवार और सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी समझदार थी और वह आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकती थी। उनका आरोप है कि उनकी बेटी की हत्या कर शव कुएं में फेंका गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



पिता ने बताया कि बेटी की शादी में 4 से 5 लाख रुपये खर्च किए थे और किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी थी। इसके बावजूद बेटी ने बताया था कि ससुराल पक्ष द्वारा पैसों की मांग की जाती थी। उन्होंने यह भी कहा कि करीब आठ दिन पहले भी बेटी का ससुराल में विवाद हुआ था और उसे परेशान किया जा रहा था। मृतका 11वीं कक्षा तक शिक्षित थी।बताता जय है महिला गर्भवती भी थी। वही जांच के लिये तसीलदार ऋचा कौर भी शव कक्ष पहुंची थी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी कारण से हुई मौत का स्पष्ट निष्कर्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। बोरदेही थाना प्रभारी राधेश्याम वट्टी का कहना है कि परिवार के लोग आरोप लगा रहे थे।अभी शव पोस्टमार्टम के लिए आमला भेजा है।कल कोई कार्रवाई होगी।

## आश्रम में वृद्धजनों के साथ बैंक अधिकारी, कर्मचारियों ने बिताया समय



**नव भारत न्यूज**
**बडचिचोली,16जुलाई,** ग्राम बडचिचोली के इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक तथा कर्मचारियों ने ग्राम आजनगाव में नारी शक्ति सर्व सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्राश्रम में पहुचकर वृद जनों से मुलाकात की तथा बुजुर्गों को भोजन भी कराया गया,इस अवसर पर इंडियन बैंक शाखा के प्रबंधक बिकास कुमार साहू, कैशियर आत्माराम गुनगांवकर, रमेश धारपुरे ,अभिषेक डिगरसे,आश्रम संचालिका बेगम शाह आदि उपस्थित थे ।

## रथ पर सवार होकर निकले भगवान जगन्नाथ

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई मे प्रति वर्ष की तरह इस बार भी गुरुवार दोपहर करीब 1.30 बजे ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा को रथ में विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर पुण्यफल प्राप्त किया। रथयात्रा के पूर्व ताप्ती तट स्थित जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की महाआरती की गई। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की प्रतिमा रथ में सवार कराया गया, जिसके बाद रथयात्रा



गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। धार्मिक परम्परा अनुसार प्रतिवर्ष अषाढ़ मास की शुक्ल दूज पर भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलते है,इस अवसर पर भक्त भगवान के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।गुरुवार को नगर में निकली रथायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से जैन कोल्ड्रिंक रोड होते हुए गांधी से थाना रोड होते हुए मंदिर पहुंची। इस दौरान भक्तो ने रास्ते भर रथयात्रा पर पुष्प वर्षा के पूजा अर्चना कर आरती उतारी एवं रथ के नीचे से निकलकर पुण्यफल अर्जित किया।

## गीत और रैली के साथ मनाया एनसीसी स्थापना दिवस

**बैतूल।** युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से पीएमसीओई जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बैतूल में एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में कैडेट्स ने भाषण, देशभक्ति गीत, कविताओं, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता रैली के माध्यम से एनसीसी के उद्देश्यों और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट श्रुति पाण्डग्रे और वैष्णवी गड़ेकर ने एनसीसी स्थापना दिवस के महत्व तथा एनसीसी के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विचार रखे। पूनम, श्यामबाई, प्रिया और महिमा यादव ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया, जबकि कैडेट्स ने प्रेरणादायी कविताओं और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। महाविद्यालय परिसर में एनसीसी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से युवाओं को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

## जीआरएस का संलग्नीकरण किया समाप्त

**आमला। डंगरिया ग्राम पंचायत में करीब तीन वर्षों से ग्राम रोजगार सहायक (जीआरएस) नहीं होने और जनपद पंचायत में संलग्न कर्मचारी से कार्यालय के अन्य कार्य कराए जाने का मामला उजागर होने के बाद आखिरकार जनपद पंचायत प्रशासन हरकत में आ गया है।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने आदेश जारी कर देवा जी सिरसाम का जनपद कार्यालय से संलग्नीकरण समाप्त करते हुए उन्हें पुन: ग्राम पंचायत डंगरिया में ग्राम रोजगार सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।गौरतलब है कि डंगरिया पंचायत लंबे समय से बिना जीआरएस के संचालित हो रही थी। इससे मनरेगा सहित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन और रिकॉर्ड संधारण पर सवाल उठ रहे थे। वहीं आरोप यह भी थे कि जनपद कार्यालय में संलग्न कर्मचारी से उसके मूल दायित्वों के बजाय अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।अब जारी आदेश के बाद डंगरिया पंचायत में ग्राम रोजगार सहायक की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि इससे पंचायत के लंबित कार्यों में तेजी आएगी और योजनाओं का संचालन बेहतर ढंग से हो सकेगा। हालांकि, यह सवाल अभी भी बरकरार है कि आखिर तीन वर्षों तक डंगरिया पंचायत बिना जीआरएस के क्यों चलती रही, इस अवधि में योजनाओं का संचालन किसने किया और इसकी जवाबदेही किसकी तय होगी। इन सवालों पर प्रशासन की ओर से अभी कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है।

**इनका कहना है**

मेरे पूर्व के अधिकारियों द्वारा उन्हें यहाँ रखा था। लेकिन अब जीआरएस को डगरिया कर दिया है।

**पंकज दरोटिया, सीईओ,**
**जनपद पंचायत आमला**

## समन्वित खेती किसानों के लिए वरदान, वर्षभर आय से किसानों की आर्थिक स्थिति होंगी मजबूत

**नव भारत न्यूज, पांढुरना, 16 जुलाई,**
जिले में कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप समन्वित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को उपसंचालक कृषि मोरिस नाथ, परियोजना संचालक धीरज ठाकुर एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने प्रगतिशील कृषक डॉ. सुरेंद्र पन्नासे के कृषि प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने देखा कि डॉ. सुरेंद्र पन्नासे अपने खेत में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उद्यानिकी फसलों जैसे संतरा, अमरूद, आम एवं सीताफल के साथ मक्का, अरहर, कपास सहित विभिन्न फसलों की समन्वित खेती कर रहे हैं। इसके साथ ही वे पशुपालन भी कर रहे हैं, जिससे उन्हें वर्षभर नियमित आय प्राप्त हो रही है।

डॉ. पन्नासे ने अपने खेत में जीवामृत यूनिट स्थापित की है, जिसका उपयोग वे अपनी फसलों में कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जीवामृत के उपयोग से खेती की लागत में कमी लाई जा सकती है। समन्वित खेती अपनाने से किसानों को वर्षभर आय प्राप्त होती है, उत्पादन लागत कम होती है तथा भूमि की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। उन्होंने बताया कि समन्वित खेती में किसान अधिक लाभ अर्जित कर सकता है। डॉ. पन्नासे ने अपने खेत में सीताफल की विभिन्न किस्में, आम, अमरूद, मौसंबी, संतरा, अरहर, बरबटी, मक्का, चकोतरा, नींबू आदि की खेती की है। साथ ही जल संरक्षण के लिए खेत में तालाब का निर्माण कराया है, जिससे सिंचाई के लिए पानी का उपयोग किया जाता है। कृषि के साथ पशुपालन से उन्हें दूध, गोबर एवं गोमूत्र भी प्राप्त होता है, जिसका उपयोग खेती में किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे एकल फसल उत्पादन के बजाय समन्वित खेती अपनाएं, जिससे उन्हें वर्षभर आय प्राप्त हो सके।भ्रमण के दौरान सहायक संचालक कृषि श्री दीपक चौरसिया, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री विनोद लोखंडे तथा कृषि विस्तार अधिकारी श्री पंकज पराड़कर उपस्थित रहे।

### पांढुर्णा जिले से निशान यात्रा के 10 जत्थे खंडवा धाम की ओर रवाना

# दादाधाम एक्सप्रेस शुर कराने की अर्जी लगाने पदयात्री खंडवा रवाना

**नव भारत न्यूज,**
**पांढुरना,16जुलाई,** गुरु पूर्णिमा महोत्सव जैसे-जैसे निकट आ रहा है, वैसे-वैसे श्री धूनीवाले दादाजी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह और समर्पण भी बढ़ता जा रहा है। पांढुर्णा में गुरु पूर्णिमा की तैयारियां लगभग एक माह पूर्व से ही प्रारंभ हो चुकी हैं। जिले में दादाजी महाराज के प्रति अपार आस्था रखने वाले श्रद्धालु वर्षों से निशान पदयात्रा की परंपरा का निर्वहन करते आ रहे हैं। गुरु पूर्णिमा से पूर्व क्षेत्र के अधिकांश निशान जत्थे खंडवा धाम के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए कोरोना काल में बंद हुई दादा धाम



एक्सप्रेस को पुन: प्रारंभ कराने की मांग को लेकर दादा भक्त मनोज गुडधे द्वारा विशेष निशान पदयात्रा निकाली जा रही है।

यह निशान यात्रा सराफा व्यापारी मनीष गुलतकर के निवास से ढोल-नगाड़ों और भजलो दादाजी का नाम, भजलो हरिहरजी का नाम के जयघोष के साथ प्रारंभ हुआ।निशान यात्रा तीन शेर चौक स्थित श्री दादाजी दरबार टपरिया पहुंचा, जहां आरती-पूजन के पश्चात पुन: निशान यात्रा मजदूर केंद्र, जयस्तंभ चौक एवं संत जगनाडे चौक होते हुए शिव पंचायत श्री दादाजी दरबार पहुंचा, जहां निशान यात्री का विश्राम होगा।

गुरुवार को श्री दादाजी महाराज की आरती, पूजन, महाप्रसाद के साथ विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 17 जुलाई शुक्रवार को सुबह 5:00 बजे निशान पदयात्रा मुलताई होते हुए खंडवा धाम के लिए रवाना होगी।

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु खंडवा धाम पहुंचकर निशान यात्रा में सम्मिलित होकर श्री धूनीवाले दादाजी महाराज के चरणों में निशान अर्पित करेंगे। साथ ही श्रद्धालु दादाजी महाराज के श्रीचरणों में दादा धाम एक्सप्रेस के पुन: संचालन की मांग संबंधी अर्जी भी समर्पित करेंगे।

**पांढुर्णा जिले से निशान यात्रा के 10 जत्थे खंडवा धाम की ओर रवाना-**

पांढुर्णा से 1954 से चली आ रही रथ यात्रा परंपरा के निर्वहन के साथ ही लगभग 40 वर्षों से निरंतर निशान पदयात्रा कर रहे प्रमोद टेटे का जत्था, जगदीश पराड़कर का जत्था, दीप कोल्हे का जत्था, तिगांव से चैतन्य गोघे का जत्था, पिपला नारायणवार से स्वर्गीय शांताराम वानखेड़े परिवार का जत्था, पंढरी से राजू नखाते का जत्था, टेमनी से ओमप्रकाश का जत्था, बेलोना से जीवन भाऊ का जत्था तथा राजना से संजय मानमोड़े का जत्था, आज मनोज गुडधे द्वारा निशान पदयात्रा का अंतिम जत्था खंडवा धाम के लिए रवाना हो रहा है।


**कार्यालय प्राचार्य माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर परासिया जिला छिन्दवाडा**

330/ शि.स्था/अतिथि शिक्षक/ 2026 परासिया दिनाक 16/07/26

**// विज्ञप्ति //**

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु निम्नानुसार रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों सहित दिनांक 17-07-26 से दिनांक 21-07-26 तक कार्यालय में जमा कर सकते है।

**// रिक्त पदों का विवरण //**

| क्र. | विषय | पद | पद संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | वर्ग-1 | 01 | संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर एव बी एड/एम एड |
| 2. | भौतिकशास्त्र | | 01 | |
| 3. | रसायनशास्त्र | | 01 | |
| 4. | गणित | | 01 | |
| 5. | कृषि विषय हेतु | | 01 | |
| 6. | कला विषय हेतु | | 01 | |
| 7. | शिक्षक संगीत | वर्ग-2 | 01 | संबंधित विषय में उपाधि |
| 8. | शिक्षक क्राफट | | 01 | संबंधित विषय में उपाधि |
| 9. | पुस्तकालय सहायक | | 01 | संबंधित विषय में उपाधि |

**शते:-**
1 आवेदन के साथ समस्त दस्तावेज एवं नवीन स्कोर कार्ड लगाना अनिवार्य है। 2 अभ्यर्थी के विरूद्ध कोई न्यायालीन / आपराधिक प्रकरण लंबित नही होना चाहिए। 3 आवासीय विद्यालय के अनुभव वाले अतिथि शिक्षकों को प्राथमिकता दी जायेगी। 4 नियमित शिक्षक से पद पूर्ति होने पर उस विषय के अतिथि शिक्षक की सेवायें स्वत: समाप्त हो जायेगी। 5 विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिये गये समस्त कार्यों का निष्पादन करना होगा। 6 किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता, अनियमित उपस्थिति, असंतोषजनक कार्य अथवा अनुचित व्यवहार पाये जाने पर सेवा तत्काल समाप्त की जा सकती है। 7 विद्यालय की गोपनीयता एवं गतिमा बनाये रखने में सहयोग प्रदान करेंगे। गोपनीयता भंग करने पर तत्काल सेवा समाप्त कर दी जावेगी। 8. चयन संबंधी अंतिम निर्णय प्राचार्य / समक्ष अधिकारी का होगा, जो सर्वमान्य एवं अंतिम होगा। 9 किसी भी वाद विवाद की स्थिति में विद्यालय प्रबंधन / वरिष्ठ कार्यालय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। 10. अतिथि शिक्षकों को मानदेय जनजातीय कार्य विभाग के नियमानुसार प्रदान की जावेगी।

**प्राचार्य**
**माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर**
**परासिया जि. छिन्दवाडा**